## शराब ठेकों की चाबी एडीएम को सौंपी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में शराब ठेकेदारों और पुलिस विभाग के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। सोमवार को जिलेभर के शराब ठेकेदारों ने एकजुट होकर सामूहिक हड़ताल की और अपने ठेकों की चाबियां एडीएम सिटी को सौंप दी।

ठेकेदारों का आरोप है कि पुलिस विभाग की सख्ती के चलते उनका कारोबार पूरी तरह चौपट हो गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कई ठेकेदार आबकारी विभाग को तय की गई बैंक गारंटी तक नहीं चुका पा रहे। ठेकेदारों का कहना है कि पुलिसकर्मी शाम 7 बजे के बाद ही ठेकों के सामने खड़े हो जाते हैं, जिससे ग्राहक डरकर वापस लौट जाते हैं। कई बार ग्राहकों से मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं।

ठेकेदारों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर रात्रि 8 बजे से पहले ही शराब बिक्री पर रोक लगाने जैसा व्यवहार कर रही है। इससे उन्हें हर रोज लाखों रूपए का नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार शराब की बिक्री रात 8 बजे तक की अनुमति है, लेकिन पुलिस इससे पहले ही ठेके बंद कराने लगती है।

कुछ स्थानों पर तो शाम 7 बजे ही पुलिस पहुंच जाती है और ग्राहक जैसे ही ठेके पर आते हैं। उन्हें डरा-धमका कर भगा दिया जाता है। दूसरी ओर पुलिस विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के आदेश पर की जा रही है। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रात 8 बजे के बाद किसी भी सूरत में शराब न बिके। इसी के चलते प्रत्येक ठेके पर दो से तीन पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

# ऊंटों की घटती संख्या को रोकने पर ध्यान देना जरूरी : डॉ घौरूई

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर में पशु अनुवांशिक संसाधनों पर नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत 'दुधारू ऊंटों का प्रबंधन और ऊंट डेयरी में उद्यमिता विकास' विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण (25-29 अगस्त तक) शुरू हुआ।

इस प्रशिक्षण में राजस्थान के चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, उदयपुर और मध्यप्रदेश के मंदसौर, नीमच जिलों के ऊंट पालक भाग ले रहे हैं।

- **एनआरसीसी में पांच दिवसीय प्रशिक्षण राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के ऊंट पालक पहुंचे**



**राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र ( एनआरसीसी ) बीकानेर में प्रशिक्षण में राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के ऊंट पालकों दुधारू ऊंटनियों का प्रबंधन और ऊंट डेयरी में उद्यमिता विकास पर जानकारी दी।**

केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. समर कुमार घौरूई ने ऊंट पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि घटती ऊंटों की संख्या को रोकने के लिए इस प्रजाति की बहुआयामी उपयोगिता और विशेष रूप से उद्यमिता विकास पर ध्यान देना जरूरी है।

उन्होंने ऊंटनी के औषधीय दूध के मानव स्वास्थ्य लाभ मधुमेह, टी.बी., ऑटिज्म आदि के साथ वैश्विक विपणन, व्यवसायिक प्रशिक्षण और मिश्रित कृषि पद्धति (खेती व पशुपालन) को अपनाने की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नेटवर्क परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. वेदप्रकाश के माध्यम से अपना संदेश पहुंचाते हुए केन्द्र निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने ऊंट पालकों से कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के दौरान वे ऊंटों के विविध पहलुओं से जुड़ा ज्ञान विशेषज्ञों से अर्जित करें और उष्ट्र पालन व्यवसाय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आगे आएं।

परियोजना के प्रधान अन्वेषक ने बताया कि इस नेटवर्क परियोजना के तहत मेवाड़ी, मेवाती और मालवी उष्ट्र नस्ल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऊंटपालकों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. बसंती ज्योत्सना ने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को दुधारू ऊंटों के प्रबंधन एवं डेयरी आधारित उद्यमिता विकास के विभिन्न पहलुओं जैसे, प्रजनन एवं चयन पद्धति, प्रबंधन तहत आंकड़ा, उष्ट्र स्वास्थ्य के अलावा दूध का प्रसंस्करण एवं विपणन तथा दुग्ध उत्पादों का निर्माण एवं उद्यमिता विकास योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

इस दौरान ऊंट पालकों ने अपने-2 क्षेत्रों में ऊंटों की वस्तुस्थिति की भी जानकारी देते हुए उष्ट्र पालन व्यवसाय में आ रही चुनौतियों का सामना करने में इस परियोजना तहत एनआरसीसी के सहयोग की सराहना भी की। परियोजना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के सह समन्वयक डॉ. विश्व रंजन उपाध्याय, वैज्ञानिक ने उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन किया।

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के वेटरनरी महाविद्यालयों में बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम में केन्द्रीकृत काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु बैठक का आयोजन कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार को किया गया। बैठक को दीक्षित ने सम्बोधित किया।

## बिजली वोल्टेज की समस्या से परेशान

**नोखा,** (कासं)। नोखा में बिजली वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। नोखा के वार्ड नंबर 23 के निवासियों ने निगम के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

पिछले एक महीने से इस वार्ड में बिजली की वोल्टेज में लगातार उतार-चढ़ाव की समस्या बनी हुई है। इससे स्थानीय लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज की वजह से घरेलू उपकरण जल रहे हैं और खराब हो रहे हैं। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि बिजली के खंभों में भी आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मोहल्ले वासियों का कहना है कि यह समस्या जनहानि का कारण बन सकती है। उन्होंने विद्युत विभाग से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

वहीं बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर किसानों ने सोमवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। ग्राम बुधरो की ढाणी स्थित 33/11 केवी जीएसएस पर लगा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर अत्यधिक लोड के कारण जल गया। इस जीएसएस से चार फीडर संचालित हैं। इनमें से तीन किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करते हैं। जबकि एक फीडर पेट्रोल पंप और फैक्ट्रियों को बिजली देता है। इसी जीएसएस से 4 एमवीए का सोलर प्लांट भी जुड़ा है।

नोखा गांव, बुधरो की ढाणी और सलूंडिया के किसानों ने कांग्रेस नेता मुरली गोदारा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। किसानों की मुख्य मांग है कि जला हुआ ट्रांसफार्मर तुरंत बदला जाए।

## सार-समाचार

### आर.पी.वी.टी. का परिणाम जारी



**आर.पी.वी.टी.-2025 का परीक्षा परिणाम कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने जारी किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट-2025 का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने सोमवार को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आर.पी.वी.टी.-2025 का परिणाम ऑनलाइन जारी किया। आर.पी.वी.टी. समन्वयक प्रो. उर्मिला पानू ने बताया कि आर.पी.वी.टी.-2025 में बीकानेर के दिवाकर पुरोहित ने 692 में से 562 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मेरिट सूची में जयपुर के ओमप्रकाश यादव ने 559 अंक एवं हनुमानगढ़ के आशीष कुमार ने 555 अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. स्नातक के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु 03 अगस्त 2025 को राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट-2025 का आयोजन किया गया था। प्रत्येक अभ्यर्थी को काउंसलिंग के लिए पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस अवसर पर अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर के प्रो. हेमन्त दाधीच, निदेशक अनुसंधान प्रो. बी.एन. श्रृंगी, निदेशक क्लीनिक प्रो. प्रवीण विश्नोई, उप-कुलसचिव डॉ. एन.एस. राठौड़, आई.यू.एम.एस इंचार्ज डॉ. अशोक डांगी सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम राजुवास की वेबसाइट पर अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई.डी. व पासवर्ड द्वारा डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

### छात्र सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



**केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने छात्र नेता सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। 'स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर 30 अगस्त को आयोजित प्रदेश छात्र नेता सम्मेलन कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व बीकानेर जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर पंचारिया ने किया। मेघवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक राष्ट्र-एक चुनाव का विषय अब देश के मुख्य एजेंडे का हिस्सा बन चुका है यह विषय सिर्फ चुनावी खर्च और आचार संहिता तक सीमित नहीं है। यह देश की राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। जिलाध्यक्ष पंचारिया ने कहा इस अभियान को व्यापक स्तर पर फैलाने के लिए आने वाले समय में छात्र प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसके माध्यम से एक राष्ट्र-एक चुनाव की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया इस दौरान कार्यक्रम संभाग संयोजक मांगीलाल गोदारा, सुनिल मेघवाल, भूपेन्द्र शर्मा, महेन्द्र ढाका, गजेन्द्र सिंह भाटी, कान नाथ गोदारा, विक्रम सिंह सिसोदिया, राधे धायल, मानवेन्द्र सिंह, संतोष महाराज, श्यामसुंदर शर्मा, अर्जुन कड़वासरा, विजय पाल कूंकणा आदि छात्र नेता उपस्थित थे।

### गणेशजी का पंचामृत से अभिषेक

**बीकानेर,** (कासं)। कोटगेट सट्टा बाजार स्थित श्री ब्राह्मण स्वर्णकार गणेश मन्दिर ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को हर्षोल्लास व विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जायेगा। मन्दिर के प्रबंधक मण्डल की ओर से बुधवार को प्रातः चार बजे गणेश प्रतिमा की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। दोपहर 12 बजे प्रथम पूज्य भगवान गणेश के जन्मोत्सव में प्रतिमा पर मंत्रोच्चार से दुग्ध, दही, शहद, घी, शक्कर, संमिश्रण पंचामृत से अभिषेक किया जायेगा। कुंभ से लाये गये जल से भी जलाभिषेक किया जायेगा। विशेष पूजा अर्चना के बाद सोने चांदी के आभूषणों से गणेश भगवान की प्रतिमा का श्रृंगार किया जायेगा। महाआरती के बाद 501 किलो बूंदी व 251 किलो का पंचामृत का प्रसाद भक्तों में वितरण किया जायेगा। ट्रस्ट प्रबंधन मण्डल की ओर से शाम सात बजे से विभिन्न देवी-देवताओं की सचेतन झाकियां भी सजाई जायेंगी। गणेश चतुर्थी पर्व हेतु समूचे मन्दिर परिसर को विशेष फूलों व रोशनी से आकर्षक सजावट की जा रही है। वहीं दाऊजी रोड स्थित श्री आदि गणेश मंदिर में सोमवार को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक गणेश जी व षोडश मातृकाओं की पूजा यज्ञ के यजमान ने करवाई। आचार्य पंडित राजेन्द्र किराडू ने पंडितों के साथ वैदिक मंत्रों के साथ पांच यजमानों से विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात 3.30 बजे से 6.00 बजे तक गणेश -लक्ष्मी स्त्रोत के 11000 पाठ का गायन नगाड़ों के वादन में सभी पंडितजन व भक्त जनों ने किया। 26 अगस्त को सुबह 9.30 बजे यज्ञ के यजमान पूजन करेंगे। तत्पश्चात दिन में तीन कार्यक्रम होंगे। पहले भगवान गणपति जी के एक लाख मूल मंत्र से दुर्वा का अर्चन किया जायेगा।

# नहरबंदी से गजसिंहपुर में पेयजल संकट गहराया

- **नहरबंदी के चलते गजसिंहपुर के वाटर वर्क्स की स्टोरेज डिग्गी में महज दो दिन का पानी ही शेष रह गया है**
- **ऐसे में जलदाय विभाग की ओर से शहर में अब एक दिन छोड़कर जलापूर्ति की जा रही है तथा लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के गजसिंहपुर में नहरबंदी के चलते हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। पहली बार ऐसा हुआ है, जब शहर में छह महीने से पेयजल संकट लगातार बना हुआ है। स्थिति यह हो गई है कि लोगों को अब अपने घरों में ड्रम और अन्य सामानों में पानी स्टोर कर काम चलाना पड़ रहा है।

नहरबंदी के चलते गजसिंहपुर के वाटर वर्क्स की स्टोरेज डिग्गी में महज दो दिन का पानी ही शेष रह गया है। ऐसे में जलदाय विभाग की ओर से शहर में अब एक दिन छोड़कर जलापूर्ति की जा रही है। जल संकट इतना बढ़ गया है कि लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। लोगों ने आरोप लगाया है कि न केवल पानी की आपूर्ति बाधित है, बल्कि फिटकरी की अनुपलब्धता के कारण जल का शुद्धिकरण भी नहीं हो पा रहा। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। कई मोहल्लों में गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई में आ रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के गणमान्य लोग, पार्षद और स्थानीय नागरिक जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार से मिले और पेयजल संकट पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। लोगों ने अभियंता को बताया कि एफ-नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है और फिटकरी की कमी के चलते शुद्ध जल नहीं मिल रहा है। लोगों ने मांग की है कि डिग्गियों की नियमित सफाई की जाए। स्टोरेज क्षमता को बढ़ाया जाए और शहर में जल्द से जल्द नई ओवरहैड टंकी का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। साथ ही ट्यूबवैलों की मरम्मत कर उन्हें क्रियाशील बनाया जाए ताकि वैकल्पिक रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस पर कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार ने आश्वासन दिया कि आज के बाद से व्यवस्था में सुधार लाने के प्रयास किए जायेंगे।

## ट्रेलर में जिंदा जला ड्राइवर

**नोखा,** (कासं)। भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर एक बेकाबू ट्रेलर पलट गया। घटना के बाद ट्रेलर में आग लग गई। जिससे अंदर बैठा ड्राइवर जिंदा जल गया। घटना बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र की है।

नोखा थाना एसआई इंद्र कुमार ने बताया-घटना शाम 6 बजे की है। एक ट्रेलर सूरतगढ़ थर्मल प्लांट से मारवाड़ मुंडवा की तरफ जा रही थी। नोखा के पास से रासीसर में भारतमाला एक्सप्रेस-वे से बीकानेर के लिए जाने वाले रास्ते पर उतरा। इस दौरान एक्सप्रेस वे से नीचे उतरने के दौरान ट्रेलर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर सांवरनाथ (54) निवासी सरदारशहर केबिन में ही फंस गया। इस दौरान ट्रेलर में आग लगने से वह अंदर ही जिंदा जल गया। हादसे के बाद आसपास मौके पर जुटे लोगों ने पानी के टैंकर की मदद से आग पर काबू पाया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर का केबिन और पिछला हिस्सा अलग हो गया।

# 56 स्कूल भवन जर्जर, नहीं मिला बजट

- **बीकानेर के 56 स्कूलों की रिपेयरिंग के लिए 4.70 करोड़ रूपए बजट मंजूरी की घोषणा**

**बीकानेर,** (कासं)। झालावाड़ स्कूल हादसे के एक महीने बाद भी बीकानेर में विद्यार्थी मौत के साये में ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

हादसे के बाद जिस रफ्तार से मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री समेत सरकार के सभी नुमाइंदे बयान दे रहे थे। लगने लगा था कि सरकार सभी जर्जर विद्यालयों को गिराकर नया बनवा देगी। आनन फानन में प्रदेश के 1936 स्कूलों के जर्जर हिस्सों को गिराकर रिपेयर करने के लिए 169 करोड़ का बजट मंजूर भी कर लिया।

इसमें बीकानेर के 56 स्कूलों की रिपेयरिंग के लिए 4.70 करोड़ रूपए शामिल थे। बजट मंजूरी की घोषणा तो आई मगर बजट नहीं आया। हालात ये है कि लगभग एक माह बाद भी छात्र जर्जर भवनों में ही पढ़ रहे हैं। शनिवार और रविवार से प्रदेश सहित बीकानेर जिले में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। रविवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र नापासर, नोखा, देशनोक, श्रीडूंगरगढ़, खाजूवाला, गजनेर, लूणकरनसर आदि क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई।

शहरी क्षेत्र में 20 एमएम बारिश दर्ज की गई। हालात यह है कि नागौर, सिरोही और जयपुर में सोमवार और मंगलवार को स्कूली बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। बीकानेर में भी अनेक स्कूलों की हालत खराब है। किराये की बिल्डिंग में संचालित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरियो का बास नम्बर एक को अभी तक नया भवन नहीं मिला है।

# मंडी में जगह नहीं मिलने से सब्जी विक्रेता परेशान

- **मंडी में बैठने की जगह नहीं मिलने से जमीन पर बैठ सब्जी बेचते हैं**

**बीकानेर,** (कासं)। पूगल रोड स्थित फल-सब्जी मंडी में बीस साल से अधिक समय से फुटकर दुकानदार जमीन पर बैठकर फल-सब्जी बेच रहे हैं। बावजूद इसके मंडी प्रशासन और जिला प्रशासन ने अब तक उनके लिए स्थायी जमीन अलॉट नहीं की।

सब्जी मंडी से दुकानदार नानकराम मोटवानी ने बताया कि वेंडर्स के लिए हर शहर में नीतियां बनाई जाती हैं, लेकिन बीकानेर में यह वर्ग आज भी उपेक्षा का शिकार है। इस संबंध में जिला प्रशासन और मंडी प्रशासन को कई बार ज्ञापन और शिकायतें दी गई लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। मंडी में बैठने की जगह नहीं मिलने से दुकानदार जमीन पर बैठकर सब्जी बेचते हैं। बारिश हो या धूप, इन्हें किसी भी तरह की बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह समस्या सिर्फ मंडी तक सीमित नहीं है। शहर की प्रमुख और व्यस्त सड़कों पर ठेला लगाकर सब्जियां बेचने वालों की हालत भी यही है। जगह तय न होने से आए दिन ट्रैफिक जाम लगता है और सड़क हादसों की नौबत आती है। सवाल यह है कि आखिर कब जिला प्रशासन और मंडी प्रशासन इस उपेक्षित वर्ग की सुनवाई करेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के केसरीसिंहपुर क्षेत्र में जोधेवाला गांव के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वह दिल्ली सराय रोहिला से श्रीगंगानगर और बीकानेर जा रही सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा गया था।

यह हादसा रात करीब 2 बजे हुआ। मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष आंकी गई है। वह सफेद चादर, ब्राउन रंग की निकर और मटमैले रंग की कमीज पहने हुए था। उसके पैरों में काले रंग की नोकदार जूती थी। व्यक्ति के चेहरे पर हल्की सफेद दाढ़ी-मूंछ थी। दुर्घटना में व्यक्ति का सिर और चेहरा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। केसरीसिंहपुर थाना पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में सूचना भेजी है। शव को मोर्चरी में रखा गया है।

# दो दोस्तों ने चुराये लाखों के मोबाइल फोन, एक गिरफ्तार

- **मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे करीब पांच लाख रूपए कीमत के मोबाइल चोरी किए, दूसरा साथी फरार**

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के खाजूवाला में पिछले दिनों मोबाइल की दुकान से करीब पांच लाख रूपए के मोबाइल चोरी हो गए। पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। चोरी में दो युवक शामिल थे। इनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे की तलाश जारी है।

जिस युवक को गिरफ्तार किया गया वह मीडिया के सामने आते ही कान पकड़ माफी मांगने लगा। खाजूवाला सीओ अमरजीत सिंह चावला ने बताया कि मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे करीब पांच लाख रूपए कीमत के मोबाइल चोरी किए गए थे। गिरफ्तार युवक लेखराज नायक है, जबकि फरार युवक मुरली है। मुरली की खाजूवाला पुलिस को तलाश है और जगह-जगह दबिश दे रही है। पुलिस को अब तक की जांच में 15 एंड्रायड मोबाइल और पंद्रह चार्जर बरामद हुए हैं। इनकी कीमत पंद्रह से बीस हजार रूपए तक है। बड़ी संख्या में मोबाइल अभी जब्त होने बाकी है। फरार एक अन्य अभियुक्त की तलाश की जा रही है। उससे बड़ी मात्रा में महंगे मोबाइल जब्त हो सकते हैं।

खाजूवाला थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में एएसआई महेन्द्र सिंह मीणा, हैड कांस्टेबल धारा सिंह मीणा व कांस्टेबल अमरजीत सिंह गिल की अहम भूमिका रही। दूसरे युवक की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है। अब तक उसको पकड़ा नहीं जा सकता है। इस चोरी का खुलासा करने में एएसआई महेन्द्र सिंह मीणा, हैड कांस्टेबल धारासिंह मीणा व कांस्टेबल अमरजीत की खास भूमिका रही।

# मंत्र जप कर मनुष्य आधि-व्याधि व उपाधि से मुक्त हो सकता है : मुनि कमल कुमार

**बीकानेर,** (कासं)। पर्युषण पर्व के छठे दिवस पर गंगाशहर तेरापंथ तेरापंथ भवन में उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने जप दिवस पर अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा कोई अक्षर नहीं जिससे मंत्र नहीं बनता और ऐसी कोई जड़ी बूटी नहीं जिससे औषधि नहीं बनती तथा ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जो किसी काम का नहीं होता। आवश्यकता होती है उनके गुणों को जानने वाले लोगों की उनको उपयोग में लेने वालों की।

मुनिश्री ने फरमाया कि जैसे किसी रोग के शमन के लिए कौनसी टेबलेट उपयुक्त होती है। अगर उसका ज्ञान होता है तो उसके सेवन करते ही उस रोग से निजात पायी जा सकती है। अगर कोई इस बात का ज्ञाता नहीं हो और ऐसे ही टेबलेट ले ली जाये तो ज्ञान के अभाव में रोग का विस्तार हो जाता है। उसी प्रकार मंत्र की भी यही स्थिति होती है कि कौनसा मंत्र कैसे व कितने दिन जपना है, इसकी जानकारी होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि व्यक्ति आधि (मानसिक), व्याधि (शारीरिक) और उपाधि (बाहरी) समस्याओं से मुक्त हो सकता है। मुनि ने शोभजी श्रावक और रूपाजी का वृतांत सुनाया कि किस प्रकार हथकड़ियां, बेड़ियां व खोला टूट गया। आचार्य तुलसी के समय का वृतान्त सुनाते हुए कहा कि आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने एक मंत्र दिया साधु- साध्वियों ने उसका विधिवत प्रयोग किया और कालदेव भी अपना रूप दिखला नहीं सके। उन्होंने कहा कि मंत्र में बहुत बल होता है। हर समस्या का हल होता है पर मंत्र के महत्व को समझ कर विधिवत उसका प्रयोग होना चाहिए। मुनि ने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ की एक पुस्तक 'मंत्र एक समाधान' उसको आप पढ़ें, समझें और प्रयोग करें।




**फोटो -त्तीन-एफ- गंगाशहर तेरापंथ तेरापंथ भवन में पर्युषण पर्व कार्यक्रम को विधायक सिद्धि कुमारी ने संबोधित किया।**

- **कौनसा मंत्र कैसे व कितने दिन जपने की जानकारी होनी चाहिये**

## राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**नोखा,** (कासं)। नोखा में राजस्व विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। यह हड़ताल दौसा जिले के लालसोट में तहसीलदार के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में की जा रही है।

19 अगस्त को वकीलों ने तहसीलदार के साथ मारपीट की थी और राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की थी। इस घटना को लेकर राजस्व तहसीलदार सेवा परिषद ने नाराजगी जताई है। परिषद ने लापरवाही बरतने वाले एसएचओ को निलंबित करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। नोखा उपखंड कार्यालय के बाहर लगभग 80 राजस्व कर्मचारी धरने पर बैठे हैं। तहसीलदार चन्द्रशेखर टाक, सब-रजिस्ट्रार शिवजी बावरी और नायब तहसीलदार गौरव बेताला शामिल हैं। धरने में कानूनगो संघ अध्यक्ष अर्जुनराम कुमावत, पटवारी भगवंत लोहार, राजेन्द्र सिंह, धनराज, बजरंग लाल धरने में शामिल थे।

# बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जाना

**बीकानेर,** (कासं)। वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 की बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की घोषणाओं तथा अब तक उनके क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उच्च स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जाती है। इसके मद्देनजर प्रत्येक अधिकारी इन घोषणाओं के क्रियान्वयन को पूर्ण गंभीरता से लें। किसी प्रकार की कमी रहने पर संबंधित कार्यालयाध्यक्ष इसके लिए जिम्मेदार होगा। उन्होंने भूमि आवंटन से जुड़े मामलों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से करने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को इससे अवगत करवाने के निर्देश दिए। साथ ही बजट घोषणाओं की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट देने के साथ विभाग स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।



**अतिरिक्त जिला कलेक्टर ( नगर ) रमेश देव ने बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा की।**

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.08.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 08 में माप 28 इन्टू 55 फीट भूखण्ड संख्या 36, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 3205 दिनांक 18.12.2004 को श्री दौलत राम पुत्र श्री पृथ्वीराज के नाम से जारी किया हुआ है। श्रीमती शीतल वर्मा पत्नी श्री कपिल वर्मा निवासी 159-162, गली नं. 6, वार्ड नं. 42, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड का न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे एवं पंजीकृत बैयनामा का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। Rajkaj Ref. No. 17094415 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर